## एक नजर में

### स्कूल में किया पौधारोपण

**सुठालिया 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में पौधारोपण किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी तथा संस्था प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा पौधारोपण किया गया. साथ में संस्था का पूरा स्टाफ मौजूद रहा एवं बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया.

### एक दूसरे के दु:ख दर्द को बांटना चाहिए



**ब्यावरा 05 जून, सं.** समीपस्त ग्राम खरेटिया में समस्त ग्रामवासियो द्वारा 1 जून से चल रही भागवत कथा के चौथे दिवस बड़ी धूम धाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. जिसमे भागवत प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि परिवार जन हो या भाई भाई एक दूसरे के दु:ख दर्द को बांटना चाहिए. ना कि जमीन जायदाद,ओर कहा जिस परिवार ओर जनमानस में आपस मे प्रेम होता है वही रामराज्य है. कथा रात्रि 8 से 11 बजे तक चल रही. ग्रामवासियो द्वारा सभी भक्तों ओर छेत्रवासियो से कथा सुनने का आग्रह किया है. कथा का समापन 7 जून रविवार को को महाप्रसादी के साथ होगा.

### कॉलेज में मनाया पर्यावरण दिवस

**राजगढ़ 05 जून, का.** जलवायु परिवर्तन और बढ़ते पर्यावरणीय संकट के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है. इसी उद्देश्य को लेकर कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस-2026 उत्साह, जागरूकता और जनभागीदारी के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का मुख्य संदेश था एक पौधा, एक संकल्प, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वन मंडलाधिकारी राजगढ़ श्री बेनी प्रसाद दोतानिया रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़े द्वारा किया गया.

### हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण किया

**खिलचीपुर 05 जून, सं.** भारतीय जनता पार्टी मंडल खिलचीपुर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण किया. इस मौके नीम पीपल के पौधे लगाए. इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ओ ने सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए. दांगी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए पर्यावरण को ठीक रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करे. इस अवसर पर भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता, बीएमओ, हिमांशु मीना, मंडल उपाध्यक्ष प्रेम मालाकार, शिवनाथ योगी, संजू मालाकार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.





# 8 सौ हेक्टेयर खाली जमीन पर हम लगाएंगे पौधे

## प्रशासन और जिला पंचायत वन विभाग के साथ मिलकर मानसून से पहले आम जनों से कराएगा पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 जून, का. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वन मंडल कार्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया. पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला वन मंडल अधिकारी बैनी प्रसाद दौतानिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर नीम, पीपल, जामुन, बेलपत्र सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया गया.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए. उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है.

जिला वन मंडल अधिकारी श्री दौतानिया ने बताया कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है. उन्होंने सभी से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की.

### एक पेड़ मां के नाम अभियान

**पड़ाना 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस पर सारंगपुर महिला एवं बाल विकास केंद्र परियोजना अंतर्गत पडाना सेक्टर ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को मिसाल बना दिया. आंगनवाड़ी केंद्र की 9 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक होकर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में नीम, जामुन, अमलतास, जामफल, शीशम, गुड़हल सहित औषधीय और फलदार पौधे रोपे. हर कार्यकर्ता ने एक पौधा अपनी माँ को समर्पित कर धरती माँ को सहेजने का संकल्प कर मातृत्व और प्रकृति के रिश्ते को नई पहचान दी. इस सामूहिक पौधारोपण भावनात्मक अभियान में संगीता कुंभकार, शबनम अंसारी, श्याम सक्सेना, सरोज विश्वकर्मा, मंजू विश्वकर्मा, नितिशा सक्सेना, पूजा जाटव, रेशम दुगरिया इत्यादि उपस्थित रहीं और उन्होंने पौधों की सुरक्षा का सामूहिक वचन लिया. कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा, माँ हमें जीवन देती है और पेड़ हमें सांस. आज हमने दोनों का कर्ज उतारने की शुरुआत की है. ये 9 पौधे 7 संकल्प हैं जब तक ये वृक्ष नहीं बन जाते, हम इनके रखवाले बनेंगे. पडाना सेक्टर की इन 9 नारी शक्तियों ने दिखा दिया कि पर्यावरण बचाने की मुहिम की नींव आंगनवाड़ी से ही रखी जा सकती है.

### नगर वन में वृहद पौधरोपण कर दिलाया संकल्प

**नरसिंहगढ़ 05 जून, सं.** वन विभाग द्वारा कंतोडा बीट क्षेत्र स्थित नगर वन में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा एवं एसडीएम सुशील कुमार उपस्थित रहे. अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया. इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी आग्रह किया. कार्यक्रम में एसडीओ दिनेश राठौर, रेंजर गौरव गुप्ता सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा ओर पर्यावरण कार्यकर्ता उपस्थित रहे. वन विभाग द्वारा आम नागरिकों को वन, वन्यजीव, प्रकृति एवं पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य से कंतोडा क्षेत्र में नगर वन का विकास किया गया है. लगभग 32 हैक्टेयर क्षेत्र में फैले इस नगर वन में लोगों को वन संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. यहां विकसित किए गए प्राकृतिक ट्रेक पर आम नागरिक भ्रमण एवं चहलकदमी का आनंद भी ले सकेंगे.

### विधायक दांगी ने किया छापी बांध के समीप पौधारोपण

**जीरापुर 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद द्वारा छापी डेम स्थित गार्डन एवं छापी बांध की पाल के समीप पौधारोपण किया. जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि नगर परिषद कर्मचारी, जनपद कर्मचारी, पत्रकार की मौजूदगी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए. इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया गया. जहां पर विधायक एवं अधिकारियों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने की अपील की. आश्चर्यजनक किन्तु सत्य बात यह रही कि नगर परिषद के इस आयोजन में परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और चुने हुए सदस्य नजर नहीं आयें. इस मौके पर जनपद सीईओ रणजीत सिंह रघुवंशी, नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी, नोडल अधिकारी उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, राकेश मण्डलोई, रमेशचंद मालवीय, कमल भावसार, भगवान परिहार, जितेन्द्र शर्मा, जनपद उपयंत्री अशोक गुर्जर, श्याम बरोंज, प्यारे लाल चौहान भाजपा देवकीनंदन जमींदार, रमेशचंद्र शर्मा, डा. राम किरार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.



### संस्कार एकेडमी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज, पचोर 05 जून, सं.** आवासीय विद्यालय संस्कार एकेडमी में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. संस्था अध्यक्ष दीपक गोयल, स्कूल डायरेक्टर दिनेश गोयल, पंकज गोयल और विवेक शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे आम, पीपल, नींबू नीम, आदि का रोपण किया गया. वृक्षारोपण विद्यालय की प्राचार्या प्रीति तिवारी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ. विद्यालय कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा कोऑर्डिनेटर कवंलप्रीत एवं प्री प्राइमरी ब्लॉक की एचओडी रूबी राजपूत ने वृक्षारोपण की रूपरेखा तैयार की. संस्था अध्यक्ष दीपक गोयल ने इस पहल को सराहनीय बताया. इस अवसर पर शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने जन्मदिन के अवसर पर अनिवार्य रूप से एक पौधा लगाएंगे तथा उसकी नियमित देखभाल कर हरित भविष्य की दिशा में अपना योगदान देंगे.



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**नरसिंहगढ़ 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री मानस गीता गौशाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाना चाहिए. उन्होंने पौधरोपण को प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव वैध, रमेश मालवीय, राजेन्द्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया.

### राज्य मंत्री ने किया पौधारोपण

**राजगढ़ 05 जून, का.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका प्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया. इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा प्रयास है. यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

## मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने किया त्रिमूर्ति पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरणीधर गौ सेवा सदन, उड़नखेड़ी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग डॉ. गौतम टेटवाल ने त्रिमूर्ति स्वरूप नीम, पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है और वृक्ष उसके प्राण हैं. पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है. मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परिवार और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम भी है. कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने धारणीधर गौ सेवा सदन में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं विकास कार्यों का अवलोकन भी किया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देव नारायण नागर, सरपंच नंदकिशोर भिलाला, सुदर्शन सोनी, अमित गोस्वामी, अरुण खत्री, जगदीश राजपूत, सुनील नागर, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले, एसडीएम रोहित बामोरे, जनपद सीईओ हेमेन्द्र गोविल, एसडीओ कृपाल पेरवाल, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## बेटे की मौत से सदमें में आई मां का शव पेड़ के नीचे मिला

**ब्यावरा 05 जून, का.** अपने बेटे की मौत के बाद सदमे में आई एक मां का शव नगर के चाठा रोड़ पर पेड़ के नीचे मिला है. चमारी गांव के पास 60 साल की बुजुर्ग महिला का शव महुआ के पेड़ के नीचे पड़ा मिला. देहात थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार वालों को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतका की पहचान नारायणघाटा की रहने वाली शकुंतला बाई प्रजापति (60) के रूप में हुई है, जो अपने पति गोपाल प्रजापति के साथ वर्तमान में गुना नाका स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के सामने किराए के मकान में रह रही थीं. परिवार के लोगों ने बताया कि शकुंतला बाई गुरुवार को घर से निकली थीं, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटीं. परिवार ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया था. **खेत पर जा रहे ग्रामीण ने देखा शव-** देहात थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को चमारी गांव के रहने वाले मदनलाल यादव जब अपने खेत की तरफ जा रहे थे, तब उन्होंने महुआ के पेड़ के नीचे एक महिला का शव देखा. उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी गांव के चौकीदार बापूलाल मेहर को दी, जिसके बाद पुलिस को खबर की गई. पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया. मृतका की पहचान नारायणघाटा की रहने वाली शकुंतला बाई प्रजापति के रूप में हुई है. महिला के मिलने जुलने वालों और परिजनों के अनुसार बीते वर्ष 6 मई को उनके सबसे छोटे बेटे की छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी. इस हादसे के बाद से ही वह गहरे सदमे में थीं और उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं चल रही थी. परिवार के मुताबिक, वह अक्सर अपने बेटे को याद करके रोने लगती थीं और कई बार बिना बताए घर से निकल जाती थी.



### आरोह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का हुआ समापन

**राजगढ़ 05 जून, का.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जीरापुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ. यह शिविर 1 मई से प्रारंभ होकर एक माह तक संचालित किया गया, जिसमें विभिन्न खेल विधाओं के लगभग 150 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ की संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डाबर उपस्थित रहीं.

## कांकरिया रोड पेयजल टंकी के पास पौधारोपण

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा, 05 जून, सं. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद छापीहेड़ा द्वारा वार्ड क्रमांक 13 स्थित कांकरिया रोड पेयजल टंकी के पास एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश कुमार टांक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक एवं जिला भाजपा कोषाध्यक्ष बालचंद जी दांगी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री अमित झझावत, भाजपा मंडल महामंत्री बंटी भाभी, पार्षद नीरज जी सेठिया, घनश्याम पाटीदार, दीपक पुरोहित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं महिलाओं के समूह उपस्थित रहे.

सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया. वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान का प्रतीक है. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने पौधों के संरक्षण एवं स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया. नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई.

**ज्ञापन** सभी प्रभावितों को समान रूप से चार गुना मुआवजा देने की मांग

# सुठालिया सिंचाई परियोजना में प्रभावितों ने ज्ञापन दिया



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 05 जून, सं.** सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने अपनी मुआवजा विसंगतियों को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सुठालिया को सौंपा. ज्ञापन में परियोजना से प्रभावित सभी किसानों को समान रूप से चार गुना मुआवजा प्रदान करने तथा वर्तमान मुआवजा व्यवस्था में उत्पन्न असमानताओं को दूर करने की मांग की गई.

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा 22 अप्रैल से पूर्व भूमि अधिग्रहण के मामलों में गाइडलाइन मूल्य के दो गुना के आधार पर मुआवजा भुगतान किया गया. जबकि 22 अप्रैल के बाद चार गुना मुआवजा दिए जाने का निर्णय लागू किया गया. इसके परिणामस्वरूप एक ही परियोजना, एक ही गांव तथा समान प्रकृति की भूमि होने के बावजूद किसानों को अलग-अलग दरों पर मुआवजा प्राप्त हुआ है, जिससे प्रभावित किसानों में असंतोष व्याप्त है.

ज्ञापन में मांग की गई है कि मुआवजा निर्धारण एवं भुगतान प्रक्रिया की पुनर्समीक्षा कर सभी विसंगतियों को दूर किया जाए तथा जिन किसानों को कम मुआवजा प्राप्त हुआ है. उन्हें भी चार गुना मुआवजे के अनुरूप अंतर राशि का भुगतान किया जाए. किसानों का कहना है कि समान परिस्थितियों में अलग-अलग मुआवजा देना प्राकृतिक न्याय और समानता के सिद्धांत के विपरीत है.

किसानों ने मुख्यमंत्री स्तर पर डैम प्रभावित किसानों के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा का अवसर प्रदान करने तथा समस्याओं के समाधान हेतु एक स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना घोषित करने की भी मांग की है.

परियोजना प्रभावित किसानों द्वारा 5 जून को एक विशाल तिरंगा बाइक रैली आयोजित की जानी थी, किन्तु डैम क्षेत्र के गांवों में आए चक्रवाती तूफान और वर्षा से हुई जन-धन की हानि को देखते हुए किसानों ने रैली स्थगित कर दी. उन्होंने केवल सीमित संख्या में उपस्थित होकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया.

किसानों ने उम्मीद जताई कि उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा. साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया तो परियोजना प्रभावित किसान लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे.

### परिसर बना हरित वाटिका, 11 पेड़ रोपे गए

**पडाना 05 जून, सं.** विश्व पर्यावरण दिवस पर हायर सेकेंडरी स्कूल पडाना ने पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की. परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए औषधीय, फलदार, छायादार और फूलदार प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए. इस मौके पर जन शिक्षक लालू राम मालवीय, स्कूल तृतीय श्रेणी कर्मचारी मुकेश वर्मा, अशोक पुष्पद, एसबीआई शाखा प्रबंधक ललित कुमार, फील्ड ऑफिसर शिवम मीणा, सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया, श्याम पाटीदार, ताहिर महेश पुरी गोस्वामी, मनोज सेन, अंसारी, यशवंत सिंह माली, प्रहलाद मरमट गोकुल प्रसाद भिलाला ने पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का वचन लिया. स्कूल परिसर अब ज्ञान के साथ-साथ शुद्ध हवा का भी केंद्र बनेगा.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27

प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -05 जून 2026